# 2020 (A)

# सामाजिक विज्ञान

## प्रथम पाली (First Sitting)

[ पूर्णांक : 80

समय : 2 घंटे 45 मिनट ]

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

1. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
2. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
3. इस प्रश्न-पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
4. यह प्रश्न-पत्र दो खण्डों में है— **खण्ड-अ** एवं **खण्ड-ब**।
5. खण्ड-अ में **48 वस्तुनिष्ठ प्रश्न** हैं, जिनमें 40 प्रश्न अनिवार्य है। यदि परीक्षार्थी ४० से अधिक प्रश्नों के उत्तर देते/देती हैं, तो प्रथम 50 उत्तरों का ही मूल्यांकन होगा। प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है। इनका उत्तर देने के लिए उपलब्ध कराये गये OMR उत्तर-पत्रक में दिए गए सही वृत्त को काले/नीले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। **किसी भी प्रकार के व्हाइटनर/तरल पदार्थ/ब्लेड/नाखून आदि का OMR उत्तर पत्रक में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।**
6. खण्ड-ब में **सामाजिक विज्ञान** के अंतर्गत कुल 5 विषयों के **19 लघु उत्तरीय प्रश्न** हैं। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।
   **इतिहास** में **5** लघु उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न-संख्या 1 से 5) हैं जिनमें किन्हीं **3** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।
   **राजनीति विज्ञान** में **6** लघु उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न-संख्या 8 से 13) हैं जिनमें किन्हीं **2** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।
   **अर्थशास्त्र** में **3** लघु उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न-संख्या 16 से 18) हैं जिनमें किन्हीं **2** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।
   **भूगोल** में कुल **5** लघु उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न-संख्या 21 से 25) हैं जिनमें किन्हीं **3** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।
   **आपदा प्रबंधन** में कुल **4** लघु उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न-संख्या 28 से 31) हैं जिनमें किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर देने हैं।
   इनके अतिरिक्त **8** दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न-संख्या 6, 7, 14, 15, 19, 20, 26 एवं 27) हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए **4 अंक** निर्धारित हैं। इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र एवं भूगोल में से एक-एक प्रश्न का उत्तर देना है।
7. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का उपयोग नहीं करें।

## खण्ड-अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

**प्रश्न-संख्या 1 से 48 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिये गये हैं, जिनमें से एक सही है। अपनी द्वारा चुने गये सही विकल्प को OMR-शीट पर चिन्हित करें। केवल 40 प्रश्नों के ही उत्तर दें।** $40 \times 1 = 40$

**1. संघ राज्य की विशेषता नहीं है**

(A) लिखित संविधान (B) शक्तियों का विभाजन
(C) इकहरी शासन व्यवस्था (D) सर्वोच्च न्यायपालिका

**2. संघ सरकार का उदाहरण है**

(A) अमेरिका (B) चीन
(C) ब्रिटेन (D) इनमें से कोई नहीं

**3. विहार में संपूर्ण क्रांति का नेतृत्व निम्नलिखित में से किसने किया?**

(A) मोरारजी देशाई (B) नीतीश कुमार
(C) इंदिरा गाँधी (D) जयप्रकाश नारायण

AA ONLINE SOLUTION

4. लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं ने निम्नांकित किन मुद्दे पर सफलता पाई है?
(A) राजनीतिक असमानता को समाप्त कर दिया है
(B) लोगों के बीच टकरावों को समाप्त कर दिया है
(C) बहुमत समूह और अल्प समूह के साथ एक जैसा व्यवहार करता है
(D) समाज की आखिरी पंक्ति में खड़े लोगों के बीच आर्थिक पैमाना कम कर दिया है

5. सुदूर संवेदी उपग्रह (रिमोट सैंसिंग उपग्रह) का प्रयोग किसलिए होता है?
(A) दूर संसार के लिए (B) मौसम विज्ञान के लिए
(C) संसाधनों की खोज के लिए (D) दूरदर्शन के लिए

6. निम्न में कौन भूकम्प का सर्वाधिक संवेदनशील नगर है?
(A) देहरादून (B) राँची
(C) हैदराबाद (D) चेन्नई

7. निम्न में से किसे पिछड़ा राज्य कहा जाता है?
(A) पंजाब (B) केरल
(C) बिहार (D) दिल्ली

8. भारत में वित्तीय वर्ष कौन कहा जाता है?
(A) 1 जनवरी से 31 दिसम्बर तक (B) 1 जुलाई से 30 जून तक
(C) 1 अप्रैल से 31 मार्च तक (D) 1 सितम्बर से 31 अगस्त तक

9. काउंट काबूर को विक्टर इमैनुएल ने किस पद पर नियुक्त किया?
(A) सेनापति (B) फ्रांस में राजदूत
(C) प्रधानमंत्री (D) गृहमंत्री

10. रक्त एवं लौह की नीति का अवलम्बन किसने किया था?
(A) मेजिनी (B) हिटलर
(C) बिस्मार्क (D) विलियम I

11. साम्यवादी शासन का पहला प्रयोग कहाँ हुआ था?
(A) रूस (B) जापान (C) चीन (D) क्यूबा

12. बोल्शेविक क्रांति कब हुई?
(A) फरवरी, 1917 (B) नवंबर, 1917
(C) अप्रैल, 1917 (D) सितम्बर, 1905

13. काँटी तापीय विद्युत परियोजना किस जिला में स्थापित है?
(A) पूर्णिया (B) सीवान
(C) मुजफ्फरपुर (D) पूर्वी चंपारण

14. रेल वर्कशाप कहाँ स्थित है?
(A) जमालपुर (B) भागलपुर
(C) मुंगेर (D) पटना

15. सुनामी का प्रमुख कारण क्या है?
(A) समुद्र में भूकंप (B) मैदानी क्षेत्र में भूकंप
(C) पर्वत पर भूकंप (D) इनमें से कोई नहीं

16. सुखाड़ क्या है?
(A) प्राकृतिक आपदा (B) मानव जनित आपदा
(C) सामान्य आपदा (D) इनमें से कोई नहीं

17. पंजाब में भूमि निम्नीकरण का मुख्य कारण है
(A) वनोन्मूलन (B) गहन खेती
(C) अति पशुचारण (D) अधिक सिंचाई

18. मानव शरीर में जल की मात्रा होती है
(A) 55% (B) 60%
(C) 65% (D) 70%

A ONLINE SOLUTION

19. निम्न जीवों में कौन केवल भारत में पाया जाता है?
(A) मगरमच्छ (B) डॉल्फिन
(C) ह्वेल (D) कछुआ

20. सीमेन्ट उद्योग का प्रमुख कच्चा माल है
(A) चूनापत्थर (B) बॉक्साइट
(C) ग्रेनाइट (D) लौह अयस्क

21. लीय महायुद्ध के बाद यूरोप में कौन-सी संस्था का उदय आर्थिक दुष्प्रभावों को समाप्त करने के लिए हुआ?
(A) सार्क (B) नाटो (C) ओपेक (D) यूरोपीय संघ

22. किसने कहा, मुद्रण ईश्वर की दी हुई महानतम देन है, सबसे बड़ा तोहफा?
(A) महात्मा गाँधी (B) मार्टिन लूथर
(C) मुहम्मद पैगम्बर (D) ईसा मसीह

23. भारत में मतदाता होने की न्यूनतम आयु क्या है?
(A) 16 वर्ष (B) 17 वर्ष (C) 18 वर्ष (D) 19 वर्ष

24. भारत में किस प्रकार की शासन प्रणाली है?
(A) संघीय और अध्यक्षीय (B) संघीय और संसदीय
(C) एकात्मक और अध्यक्षीय (D) एकात्मक और संघीय

25. भूस्खलन है
(A) प्राकृतिक आपदा (B) मानवीय आपदा
(C) सामान्य आपदा (D) इनमें से कोई नहीं

26. महासागर तल के कंपन का परिणाम है
(A) हिमस्खलन (B) चक्रवात
(C) सुनामी (D) इनमें से कोई नहीं

27. पृथ्वी की सतह पर सर्वप्रथम पहुँचनेवाली भूकम्प-तरंग है
(A) पी तरंग (B) एस तरंग
(C) एल तरंग (D) टी तरंग

28. सुनामी का सम्बन्ध है
(A) स्थल से (B) समुद्र से
(C) आसमान से (D) इनमें से कोई नहीं

29. निम्न में से कौन-सी एक बात लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के अनुरूप नहीं है?
(A) कानून के समक्ष समानता (B) स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव
(C) उत्तरदायी शासन व्यवस्था (D) बहुसंख्यकों का शासन

30. लोकतंत्र की सफलता निर्भर करती है
(A) नागरिकों की उदासीनता पर
(B) नागरिकों की गैर-कानूनी कार्रवाई पर
(C) नागरिकों की विवेकपूर्ण सहभागिता पर
(D) नागरिकों द्वारा अपनी जाति के हितों की रक्षा पर

31. क्षेत्रवाद की भावना का एक कुपरिणाम है
(A) अपने क्षेत्र से लगाव (B) राष्ट्रहित
(C) राष्ट्रीय एकता (D) अलगाववाद

32. कोयला है
(A) अनवीकरणीय संसाधन (B) नवीकरणीय संसाधन
(C) जैव संसाधन (D) इनमें से कोई नहीं

33. उपभोक्ता अधिकार दिवस कब मनाया जाता है?
(A) 17 मार्च (B) 15 मार्च (C) 19 अप्रैल (D) 22 अप्रैल

A ONLINE SOLUTION

34. वैश्वीकरण के मुख्य अंग कितने हैं?
(A) एक (B) दो (C) पाँच (D) चार

35. कौन-सी सेवा गैर-सरकारी है?
(A) सैन्य सेवा (B) वित्त सेवा
(C) मॉल सेवा (D) रेल सेवा

36. भारत की वित्तीय राजधानी किस शहर को कहा गया है?
(A) मुम्बई (B) दिल्ली (C) पटना (D) बंगलुरू

37. भारत में कोयले का सर्वप्रमुख उत्पादक राज्य है
(A) पश्चिम बंगाल (B) झारखण्ड
(C) ओडिशा (D) छत्तीसगढ़

38. भारत का प्रथम लौह-इस्पात उत्पादक उद्योग है
(A) भारतीय लौह और इस्पात कंपनी (IISCO)
(B) टाटा लौह और इस्पात कंपनी (TISCO)
(C) बोकारो स्टील सिटी
(D) विश्वेश्वरैया लौह और इस्पात प्लान्ट

39. स्वर्णिम चतुर्भुज सम्बन्धित है
(A) रेलवे से (B) सड़क मार्ग से
(C) जल मार्ग से (D) वायु मार्ग से

40. गण्डक परियोजना है
(A) बेतिया में (B) वाल्मीकिनगर में
(C) मोतिहारी में (D) छपरा में

41. हिन्द-चीन पहुँचने वाले प्रथम व्यापारी कौन थे?
(A) इंग्लैण्ड (B) फ्रांसीसी
(C) पुर्तगाली (D) डच

42. सविनय अवज्ञा आंदोलन कब शुरू हुआ?
(A) 1920 (B) 1930
(C) 1935 (D) 1942

43. राउरकेला लोहा-इस्पात उद्योग है
(A) ओडिशा में (B) झारखण्ड में
(C) मध्य प्रदेश में (D) पश्चिम बंगाल में

44. सामंती व्यवस्था से हटकर किस प्रकार की शहरी व्यवस्था की प्रवृत्ति बढ़ी?
(A) प्रगतिशील प्रवृत्ति (B) आक्रामक प्रवृत्ति
(C) रूढ़िवादी प्रवृत्ति (D) शोषणकारी प्रवृत्ति

45. दीर्घकालीन ऋण प्रदान करने वाली संस्था कौन-सी है?
(A) कृषक महाजन (B) भूमि विकास बैंक
(C) प्राथमिक कृषि साख समिति (D) इनमें से कोई नहीं

46. आर्थिक विकास का तीसरा क्षेत्र क्या है?
(A) कृषि क्षेत्र (B) विज्ञान क्षेत्र
(C) शिक्षा क्षेत्र (D) सेवा क्षेत्र

47. नई आर्थिक नीति में किसे सम्मिलित किया गया?
(A) उदारीकरण (B) निजीकरण
(C) वैश्वीकरण (D) इनमें से सभी

48. उपभोक्ता द्वारा शिकायत करने के लिए आवेदन शुल्क कितना लगता है?
(A) 50 रु० (B) 70 रु०
(C) 10 रु० (D) इनमें से कोई नहीं

A ONLINE SOLUTION

# खण्ड-ब (विषयनिष्ठ प्रश्न)

## इतिहास (History)

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 1 से 5 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं तीन प्रश्नों का उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित है।** 3×2=6

1. इटली तथा जर्मनी के एकीकरण में आस्ट्रिया की भूमिका क्या थी?
2. दांडी यात्रा का क्या उद्देश्य था?
3. ''असहयोग आंदोलन प्रथम जन आंदोलन था।'' टिप्पणी करें।
4. औद्योगीकरण ने मजदूरों की आजीविका को किस तरह प्रभावित किया?
5. गाँव के कृषिजन्य आर्थिक क्रियाकलापों की विशेषता को दर्शायें।

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 6 से 7 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किसी एक प्रश्न का उत्तर दें।** 4×1=4

6. इटली के एकीकरण में मेजिनी, काबूर और गैरीबाल्डी के योगदानों को बतायें।
7. नई आर्थिक नीति क्या है? विवेचना करें।

## राजनीति विज्ञान (Political Science)

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 8 से 13 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित है।** 2×2=4

8. भारत में किस तरह जातिगत असमानताएँ जारी हैं? स्पष्ट करें।
9. सत्ता की साझेदारी लोकतंत्र में क्या महत्त्व रखती है?
10. बिहार में हुए छात्र आंदोलन के प्रमुख कारण क्या थे?
11. भारतवर्ष में लोकतंत्र के भविष्य को आप किस रूप में देखते हैं?
12. आतंकवाद लोकतंत्र की चुनौती है। कैसे?
13. भावी समाज में लोकतंत्र की जिम्मेवारी और उद्देश्य पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखें।

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 14 से 15 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किसी एक प्रश्न का उत्तर दें।** 4×1=4

14. जीवन के विभिन्न पहलुओं का उल्लेख करें जिसमें भारत में स्त्रियों के साथ भेदभाव है या वे कमजोर स्थिति में है।
15. भारतवर्ष में लोकतंत्र कैसे सफल हो सकता है?

## अर्थशास्त्र (Economics)

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 16 से 18 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं दो प्रश्न का उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित है।** 2×2=4

16. अर्थव्यवस्था किसे कहते हैं?
17. आय गरीबी के साथ संबंध स्थापित करें।
18. ATM क्या है?

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 19 से 20 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किसी एक प्रश्न का उत्तर दें।** 4×1=4

19. सहकारिता के महत्त्वपूर्ण तत्त्व क्या हैं? राज्य के विकास में इसकी भूमिका का वर्णन करें।
20. विश्व के लिए भारत सेवा प्रदाता के रूप में किस तरह जाना जाता है? उदाहरण सहित लिखें।

## भूगोल (Geography)

**निर्देश : प्रश्न-संख्या 21 से 25 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं तीन प्रश्न का उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित है।** 3×2=6

21. फसल चक्रण, मृदा संरक्षण में किस प्रकार सहायक है?
22. भारत की नदियों के प्रदुषण के कारणों का वर्णन कीजिए।
23. वन्य जीवों के ह्रास के चर प्रमुख कारकों का उल्लेख कीजिए।

A ONLINE SOLUTION

24. खनिजों के संरक्षण एवं प्रबंधन से आप क्या समझते हैं?

25. सौर ऊर्जा का उत्पादन कैसे होता है?



निर्देश : प्रश्न-संख्या 26 से 27 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किसी एक प्रश्न का उत्तर दें। 4×1=4

26. उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण से आप क्या समझते हैं?

27. भारतीय अर्थव्यवस्था में परिवहन एवं संचार की महत्ता का वर्णन कीजिए।

## आपदा प्रबंधन (Digaster Management)

निर्देश : प्रश्न-संख्या 28 से 31 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित है। 2×2=4

28. आपदाएँ कितने प्रकार की होती हैं?

29. बाढ़ नियंत्रण के लिए उपाय बताएँ।

30. भूकंप और सुनामी के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए।

31. आकस्मिक प्रबंधन में स्थानीय प्रशासन की भूमिका का वर्णन करें।

## उत्तर (Answers)

### खण्ड-अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. (C) | 2. (A) | 3. (D) | 4. (B) | 5. (C) | 6. (A) |
| 7. (C) | 8. (C) | 9. (C) | 10. (C) | 11. (A) | 12. (B) |
| 13. (C) | 14. (A) | 15. (A) | 16. (A) | 17. (D) | 18. (C) |
| 19. (B) | 20. (A) | 21. (D) | 22. (B) | 23. (C) | 24. (B) |
| 25. (A) | 26. (C) | 27. (A) | 28. (B) | 29. (D) | 30. (C) |
| 31. (D) | 32. (A) | 33. (B) | 34. (C) | 35. (C) | 36. (A) |
| 37. (B) | 38. (B) | 39. (B) | 40. (B) | 41. (C) | 42. (B) |
| 43. (A) | 44. (A) | 45. (B) | 46. (D) | 47. (D) | 48. (D) |

### खण्ड-ब (विषयनिष्ठ प्रश्न)

1. आस्ट्रिया इटली और जर्मनी के एकीकरण का विरोधी था।

इटली : वेनेशिया और लोम्बार्डी पर आस्ट्रिया का अधिकार था। सेडोवा के युद्ध (1866) में आस्ट्रिया की पराजय के बाद उसका प्रभाव इटली पर से समाप्त हो गया।

जर्मनी : जर्मनी आस्ट्रिया के अधीन शक्तिहीन संघ राज्य था। उत्तरी जर्मनी महासंघ की स्थापना के बाद जर्मनी से आस्ट्रिया का प्रभाव समाप्त हो गया।

2. गाँधीजी ने नमक कानून भंग कर सविनय अवज्ञा आंदोलन आरंभ करने का निश्चय किया। इसके लिए 12 मार्च 1930 को वे अपने 78 सहयोगियों के साथ साबरमती आश्रम से दांडी यात्रा (नमक यात्रा) पर निकले। दांडी पहुँचकर 6 अप्रैल 1930 को उन्होंने समुद्र के पानी से नमक बनाकर नमक कानून भंग किया। इसी के साथ नमक सत्याग्रह (सविनय अवज्ञा आंदोलन) आरंभ हुआ और शीघ्र ही पूरे देश में फैल गया।

3. 2014 (A) (द्वितीय पाली) के प्रश्न-संख्या 5 का उत्तर देखें।

4. 2015 (A) (द्वितीय पाली) के प्रश्न-संख्या 5 का उत्तर देखें।

5. ग्रामीण आबादी का बहुत बड़ा भाग कृषिजन्य आर्थिक क्रियाकलापों से जुड़ा रहता है। खेती इनकी आजीविका का मुख्य साधन है। कृषि के साथ पशुपालन पर भी ध्यान दिया जाता है। साथ ही, गाँवों में अनेक लघु एवं कुटीर-उद्योग तथा शिल्पकलाओं में भी लोग संलग्न रहते हैं। जिससे स्थानीय आवश्यकताओं की पूर्ति होती है। कृषिप्रधान अर्थव्यवस्था मूलतः जीवन-निर्वाह अर्थव्यवस्था की अवधारणा पर आधृत होती है।

6. इटली के एकीकरण में मेजिनी, काबूर और गैरीबाल्डी की भूमिका महत्त्वपूर्ण है—

मेजिनी (1805-72) : मेजिनी को इटली के एकीकरण का मसीहा कहा जाता है। वह गणतांत्रिक विचारों का समर्थक था। 1831 में उसने 'यंग इटली' और 1834 में 'यंग यूरोप' तथा 1851 में फ्रेंडस ऑफ इटली' नामक गुप्त क्रांतिकारी संगठनों की स्थापना की। इनके माध्यम से उसने गणतंत्रात्मक

A ONLINE SOLUTION

भावना का प्रसार किया। उसका उद्देश्य आस्ट्रिया के प्रभाव से इटली को मुक्त करा कर एक गणतंत्र बनाना था। चार्ल्स एलबर्ट और पोप के स्वार्थों के कारण मेजिनी का प्रयास विफल हो गया। हताश होकर मेजिनी इटली से बाहर चला गया।

**काबूर (1810-61) :** मेजिनी के विपरीत काबूर का मानना था कि सार्डिनिया के नेतृत्व में ही इटली का एकीकरण संभव है। अतः इसके लिए उसने प्रयास आरंभ कर दिया। सर्वप्रथम कृषि, व्यापार तथा नौशक्ति के मंत्री तथा विक्टर एमौनुएल के प्रधानमंत्री के रूप में उसने इटली की आर्थिक एवं सैनिक शक्ति सुदृढ़ की। क्रीमिया के युद्ध में उसने आस्ट्रियों के विरुद्ध फ्रांस का साथ दिया। पेरिस-शांति सम्मेलन में उसने इटली की समस्या को यूरोप का प्रश्न बना दिया। 1859 में फ्रांस की सहायता से आस्ट्रियों को पराजित कर उसने लोम्बार्डी पर अधिकार कर लिया। मध्य इटली स्थित अनेक सालों को भी सार्डिनिया में मिला लिया गया।

**गैरीबाल्डी (1807-82) :** गैरीबाल्डी का मानना था कि युद्ध के बिना इटली का एकीकरण नहीं होगा। इसलिए, उसने आक्रामक नीति अपनाई। अपनी 'लाल कुर्ती' की टुकड़ी और स्थानीय किसानों की सहायता से उसने सिसली और नेपलस पर अधिकार कर लिया। उसके सटे क्षेत्र को सार्डिनिया में मिला लिया। विक्टर इमैनुएल को संयुक्त इटली का राजा बनाया गया। सार्डिनिया-पिडमौंट का नाम बदलकर इटली रखा गया।

इस तरह इटली का एकीकरण मेजिनी, काबूर एवं गैरीबाल्डी के सहयोग से पूरा हुआ।

**7.** लेनिन की नई आर्थिक नीति की मुख्य विशेषताएँ निम्नलिखित थी—

(i) किसानों से जबरदस्ती अनाज लेने के बदले उन्हें अनाज पर निश्चित कर देने को कहा गया।

(ii) सैद्धांतिक रूप से जमीन का राज्य का स्वामित्व माना गया परंतु व्यावहारिक रूप से जमीन पर किसानों को स्वामित्त्व दिया गया।

(iii) वैसे उद्योग जिनमें कामगारों की संख्या 20 से अधिक नहीं थी, उन्हें व्यक्तिगत स्वामित्व में चलाने का अधिकार पूँजीपतियों को दिया गया।

(iv) समुचित औद्योगिक विकास के लिए उद्योगों का विकेन्द्रीकरण किया गया।

(v) औद्योगिकरण को बढ़ावा देने के लिए सीमित रूप से और निश्चित शर्तों पर विदेशी पूँजी निवेश की अनुमति दी गई।

(vi) जीवन एवं व्यक्तिगत संपत्ति की सुरक्षा के लिए राजकीय बीमा एजेंसियाँ खोली गई।

(vii) विभिन्न स्तरों पर बैंक खोलकर बैंकिंग सेवा का विस्तार किया गया।

(viii) कामगारों के लिए ट्रेड यूनियन की अनिवार्य सदस्यता समाप्त कर दी गई।

**8.** भारतीय संविधान लिंग, जन्मस्थान, जाति, धर्म आदि के आधार पर किसी प्रकार के भेदभाव को प्रतिबंधित करता है। इसी उद्देश्य से अस्पृश्यता का अंत कर दिया गया। परंतु, आज भी कई जातिगत असमानताएँ विद्यमान है। जैसे—(i) अस्पृश्यता का पूरी तरह अंत नहीं हुआ है। (ii) जाति का आधार जन्म हो गया (iii) ऊँच-नीच का भेद बना हुआ है। (iv) जाति को राजनीतिक रूप दे दिया गया। (v) टिकट बँटवारा, मंत्रिमंडल का गठन आज भी जाति के आधार पर हो रहा है।

**9.** लोकतंत्र का अर्थ है कि प्रत्येक नागरिक को अपने निर्वाचित प्रतिनिधि के द्वारा निर्णय लेने का अधिकार तथा सत्ता देना। सत्ता की साझेदारी का अर्थ है कि शासन में समान प्रतिनिधित्व देने के लिए विभिन्न सामाजिक दलों में सत्ता को विभाजित करना। सत्ता की साझेदारी लोकतंत्र की आत्मा है। जिसमें सांस्कृतिक तथा भाषा भेदभाव के बिना सभी लोगों को राजनीतिक व्यवस्था में शामिल किया जाता है।

**10.** 1974 ई॰ में मार्च के दौरान प्रदेश में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार मूल्यों में अप्रत्याशित वृद्धि एवं खाद्यान्न की कमी के चलते बिहार के छात्रों ने अपनी सरकार के विरोध में आंदोलन छेड़ दिया। छात्रों ने जयप्रकाश नारायण को इस आंदोलन को नेतृत्व करने के लिए आमंत्रित किया। जय प्रकाश नारायण जी ने इस आंदोलन को नेतृत्व करने के लिए राजी हो गए बशर्ते यह आंदोलन अहिंसक हो और यह अपने को बिहार तक सीमित नहीं रखें। इस प्रकार बिहार के छात्र आंदोलन ने एक राजनीतिक स्वरूप ग्रहण किया। जयप्रकाश जी ने बिहार की काँग्रेस सरकार को बर्खास्त की माँग कर सामाजिक आर्थिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में संपूर्ण क्रांति का आह्वान किया। जिसका उद्देश्य भारत में सच्चे लोकतंत्र की स्थापना की।

**11.** भारत में लोकतंत्र की जड़े गहरी हो रही है। समानता स्वतंत्रता एवं जनभागीदारी पर आधृत होने के कारण लोकतंत्र में जनता का विश्वास दृढ़ होता जा रहा है। स्वतंत्र एवं निष्पत्र निर्वाचन की प्रक्रिया से सत्ता परिवर्तन के कारण जन प्रतिनिधियों में उत्तरदायित्व की भावना बढ़ रही है। तथापि अशिक्षा, बेरोजगारी एवं गरीबी उन्मूलन की चुनौति बनी हुई है। भारत में लोकतंत्र का भविष्य उज्जवल है।

AAONLINE SOLUTION

12. लोकतंत्र से जनता की एक अपेक्षा यह है कि इस शासन व्यवस्था में उसका जीवन सुरक्षित रहे तथा शांति और सुरक्षा का वातावरण बना रहे। आतंकवाद, लोकतंत्र के समक्ष प्रमुख चुनौती है। आतंक से जनता परेशान हो जाती है। आतंक के वातावरण में जनता का जीना कठिन हो जाता है। विकास की प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न होती है। नागरिकों के बीच भाईचारे का वातावरण प्रभावित होता है तथा राष्ट्र की एकता तथा अखण्डता खतरे में पड़ जाती है।

13. टकराव एवं सामंजस्य लोकतंत्र की सीढ़ियाँ है जिससे गुजरकर ही लोकसत्ता अपनी नीतियाँ निर्धारित करती है। ये नीतियाँ आसानी से निर्धारित नहीं हो पाते हैं। बल्कि प्रतिद्वंद्विता के कठिन परिवेश में गुजरते हुए सामंजस्य का माहौल बनाने का प्रयास करता है। पिछड़ों के लिए सरकारी नौकरियों एवं शिक्षण संस्थानों में आरक्षण की मुहिम कई वर्ष पहले शुरू हुई। लोकतंत्र में लोग संवैधानिक तरीके से अपनी माँगों को उठाते है और चुनावों के माध्यम से उनके लिए दबाव बनाते हैं। उनका समाधान पाने का प्रयास करते हैं।

14. जीवन के विभिन्न पहलुओं का जिक्र करें, जिसमें भारत में स्त्रियों के साथ भेदभाव होता आया है यह आज तक हो रहा है। स्त्रियाँ कमजोर स्थिति में नहीं है, उन्हें बचपन से कमजोर बनाया जाता है। एक तो उन्हें पैदा होने से पहले मार देते हैं या फिर उन्हें घर की चार दीवारी में काम के लिए रखा जाता है। स्त्रियों की शिक्षा से वंचित रखा जाता है। उन्हें बाहर नहीं निकलने नहीं दिया जाता है। स्त्रियों को पुरुषों से हमेशा के साथ भेदभाव किया जाता है। उन्हें हमेशा तक ही समझा जाता है। उन्हें आगे बढ़ने से रोका जाता है। जल्दी विवाह करवा के घर के कामों के लिए ही समझा जाता है स्त्रियाँ कमजोर नहीं, बसे उन्हें साथ की जरूरत है। आगे बढ़ने दिया जाए।

15. 2015 (A) (प्रथम पाली) के प्रश्न-संख्या 21 (अथवा) का उत्तर देखें।

16. अर्थव्यवस्था जीवनयापन के लिए अपनाई गई एक आर्थिक व्यवस्था है। इस व्यवस्था में ही किसी देश या समाज के सदस्य सभी प्रकार की आर्थिक क्रियाओं का संचालन करते हैं। सारांश में उत्पादन, वितरण एवं उपभोग की आर्थिक क्रियाओं की सुव्यवस्थित संरचना अर्थव्यवस्था है।

17. आय का गरीबी से घनिष्ठ संबंध है। बहुत कम आय होने के कारण ही कोई व्यक्ति या परिवार विपन्नता में जीवनयापन करता है। तथा उसका भोजन वस्त्र, शिक्षा, चिकित्सा आदि मूलभूत आवश्यकताओं की भी पूर्ति नहीं होती है। अशिक्षा एवं अज्ञानता के कारण गरीब परिवार की अगली पीढ़ी गरीब रह जाती है। अतः गरीबी, गरीबी को जन्म देती है।

18. ए॰ टी॰ एम॰ कार्ड ग्राहकों को बैंक द्वारा निर्गत एक ऐसा प्लास्टिक कार्ड है, जिसका उपयोग कर ग्राहक स्वचालित टेलर मशीन (Automatic Teller machine) से कभी भी रुपये की निकासी कर सकते हैं। इसका उपयोग swipe machine द्वारा भुगतान के लिए भी हो सकता है।

19. 2015 (A) (द्वितीय पाली) के प्रश्न-संख्या 27 (अथवा) का उत्तर देखें।

20. हमारे देश के निवासी बहुत पहले से उत्तरी अमेरिका ब्रिटेन आदि विकसित देशों में जाकर अपनी सेवाएँ प्रदान करते हैं। अपने देश में अवसरों की कमी तथा इन देशों का उच्च जीवन स्तर भी भारतवासियों को विकसित देशों में जाने के लिए प्रेरित करता है। विकासशील देशों की तुलना में विकसित देशों की जन्म दर अपेक्षाकृत बहुत कम है। इसके फलस्वरूप इन देशों में युवा श्रमशक्ति का अभाव है। भारत जैसे—विकासशील देशों के श्रम का प्रयोग करने के लिए बाध्य होते हैं। कुछ समय पूर्व तक विश्व के सेवा प्रदाता के रूप में भारत की भूमिका सीमित थी परंतु विगत वर्षों के अंतर्गत सूचना और संचार प्रौद्योगिकी का बहुत तेजी से विकास हुआ। हम अपने देश में रहकर भी विश्व के अन्य देशों को अपनी सेवाएँ प्रदान कर सकते हैं। इससे सेवा क्षेत्र का विस्तार हुआ है। तथा भारत से अन्य वस्तुओं के समान ही इस क्षेत्र के उत्पादन का भी निर्यात होने लगा है।

हमारे देश में श्रम की बहुलता है। इसके फलस्वरूप यहाँ कई प्रकार की सेवाएँ अपेक्षाकृत बहुत कम कीमत पर उपलब्ध है। इसका लाभ उठाने के लिए विकसित देशों की कंपनियाँ अब अपनी सेवाओं का भारत से आउटसोर्सिंग करने लगी है। इसी प्रकार श्रम, लागत कम होने के कारण विभिन्न देशों के बहुराष्ट्रीय निगमों ने अपने उपभोक्ताओं को ग्राहक सेवा उपलब्ध कराने के लिए अपने सूचना केन्द्रों की स्थापना भारत में भी है।

21. फसल चक्रण द्वारा मृदा के पोषणीय स्तर को बरकरार रखा जा सकता है। गेहूँ, कपास, मक्का आलू आदि के लगातार उगाने से मृदा में ह्रास उत्पन्न होता है। इसे तिहन-दलहन की खेती के द्वारा पुनर्प्राप्त किया जा सकता है। इससे नाइट्रोजन का स्थिरीकरण होता है।

A ONLINE SOLUTION

**22.** भारत की नदियों के प्रदूषण के कारण इस प्रकार हैं—(i) औद्योगिक अपशिष्टों का नदियों में गिराया जाना (ii) शहरी मलजल एवं कचरे का नदियों में गिराया जाना। केवल कानपुर में 180 चमड़े के कारखानें है जो प्रतिदिन 58 लाख लीटर मल-जल गंगा में विसर्जित करती है।

**23.** वन्य जीवों के ह्रास के निम्नलिखित कारक हैं—

(i) **वन्य जीवों का शिकार** : आर्थिक लाभ के लिए कुछ लोग वन्य जीवों का शिकार करते हैं। फलतः उनकी संख्या लगातार घटती जा रही है।

(ii) **प्राकृतिक आवास का ह्रास** : वन्य जीवों का प्राकृतिक आवास वन क्षेत्र है। नगरीकरण, औद्योगिकरण सड़क वे रेल लाइन निर्माण से वन क्षेत्र घटता जा रहा है।

(iii) **प्रदूषण की समस्या** : अम्ल वर्षा, पौधा घर प्रभाव और पराबैंगनी किरणें अन्य जीवों के ह्रास के कारक है।

(iv) **वनों में आग लगना** : प्राकृतिक या मानवीय कारणों से वनों में आग लग जाती है। इससे हरे-भरे वन तथा वन्य जीव नष्ट हो जाते हैं।

**24.** 2015 (A) (द्वितीय पाली) के प्रश्न-संख्या 12 का उत्तर देखें।

**25.** सौर ऊर्जा प्राप्त करने के लिए सोलर प्लेट का निर्माण किया जाता है। इस प्लेट में सीजियम धातु के पतले-पतले तार लगाए जाते हैं। जब इन तारों पर सूर्य प्रकाश पड़ता है तो फोटोवोल्टाइक पौधोगिकी द्वारा धूप को सीधे विद्युत में परिवर्तित किया जाता है। इसे विद्युत सौर प्लेट में लगे तार द्वारा उपयोग की जानेवाली वस्तु से जोड़ दिया जाता है। इस प्रकार, बिना अधिक खर्च के ऊर्जा की प्राप्ति होती है।

**26.** 1991 में भारत सरकार द्वारा उदारीकरण, निजीकरण एवं वैश्वीकरण की नीति अपनाई गई। उदारीकरण का अर्थ इसमें उद्योग तथा व्यापार को लालफीता शाही के अनावश्यक प्रतिबंधों से मुक्त करके अधिक प्रतियोगी बनाना है।

वैश्वीकरण का अर्थ देश की अर्थव्यवस्था को विश्व की अर्थव्यवस्था के साथ जोड़ना, अर्थात् प्रत्येक देश का अन्य देशों के साथ बिना किसी प्रतिबंध के पूँजी, तकनीकी एवं व्यापारिक आदान-प्रदान ही वैश्वीकरण है।

देश के अधिकतर उद्योगों के स्वामित्व नियंत्रण तथा प्रबंध का निजी क्षेत्र के अंतर्गत किया जाना, उसके परिणाम स्वस्थ अर्थव्यवस्था पर सरकारी एकाधिकार कम या समाप्त हो जाता है।

**27.** भारत विशाल क्षेत्रफल एवं जनसंख्यावाला देश है। यहाँ संसाधनों के वितरण में काफी असमानताएँ है। किसी क्षेत्र में एक संसाधन की प्रचुरता है तो दूसरी जगह उस संसाधन की कमी है। राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय विकास के लिए प्रायः सभी संसाधनों की जरूरत होती है। देश में आज विभिन्न प्रकार के क्रियाकलाप किए जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में उद्योगों को कच्चे माल की आपूर्त्ति एवं तैयार माल को बाजार तक पहुँचाने का कार्य परिवहन एवं संचार साधनों की सहायता से किया जा रहा है। वस्तुएँ एवं सेवाएँ इन साधनों की सहायता से गाँव से अंतर्राष्ट्रीय बाजार तक पहुँच रही है। जिससे क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था मजबूत होती जा रही है।

अर्थव्यवस्था के विकास में सहायक ये साधन सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को भी एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने में तथा इनके सेसेजन में सहायक हो रहे हैं। निष्कर्षतः वर्तमान भारतीय अर्थव्यवस्था एवं इसका भविष्य पूरी तरह से परिवहन एवं संचार के साधनों पर निर्भर हैं। राष्ट्र के लिए उपयोगी परिवहन एवं संचार सेवाएँ निश्चय ही देश की अर्थव्यवस्था जीवन-रेखाएँ हैं।

**28.** आपदाएँ दो प्रकार की होती हैं—

(i) प्राकृतिक आपदा। (ii) मानव जनित आपदा।

**29.** बाढ़ नियंत्रण के उपाय निम्नलिखित हैं।

(i) नदियों पर बाँध बनाना।

(ii) नदियों के किनारे मजबूत कंक्रीट का ऊँचा तटबंध बनाना।

(iii) वृक्षारोपण करना।

**30.** 2018 (A) (प्रथम पाली) के प्रश्न-संख्या 22 का उत्तर देखें।

**31.** आकस्मिक आपदा जैसे संकट का सामना करने के लिए सरकारी एवं गैर-सरकारी स्तर पर अनेक प्रयास किए जाते हैं। परंतु आकस्मिक आपदा प्रबंधन में स्थानीय प्रशासन की भूमिका अधिक कारगर सिद्ध होती है। आकस्मिक आपदा की स्थिति में राहत शिविरों का निर्माण, बचाव कार्य हेतु-आवश्यक उपकरण, प्राथमिक उपचार की सामग्रियाँ, डॉक्टर ऐंबुलेंस, अग्निशामक इत्यादि, की व्यवस्था जितना बेहतर तरीके से तथा शीघ्र समाधान स्थानीय प्रशासन कर सकता है।

A ONLINE SOLUTION